विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर श्वानों को निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार दिनाँकः 29 अप्रैल 2023 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक श्वानों में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु चिकित्सा परिसर में आयोजित है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस हर वर्ष अप्रैल के आखरी शनिवार को मनाया जाता है।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशानुसार व अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आर.के. शर्मा ने सभी श्वान पालकों एवं श्वान प्रेमियों से अनुरोध किया है कि इस निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

पशु चिकित्सा परिसर में स्थापित पेट ग्रूमिंग पार्लर ईकाई में श्वानों के लिये कई तरह की निःशुल्क सुविधायें भी उपलब्ध रहेगी, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर श्वानों के लिए रेवा फार्मेसी के सहयोग से निःशुल्क एंटी रैबीज टीकाकरण न केवल पशुकल्याण अपितु जनकल्याण हेतु भी निहित है। पशु चिकित्सा दिवस का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य देखभाल, पशु क्रूरता को रोकना, व पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न पहलुओं के संबंध में आमजन को जागरूक करना है। इस वर्ष विश्व पशुचिकित्सा दिवस का विषय "पशु चिकित्सा पेशे में विविधता, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देना" है।

इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं चित्रकला एवं निबंधलेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर